


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 12 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 168 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# भारत पर ईरान मेहरबान

## कूटनीतिक सफलता : होर्मुज से गुजर सकेंगे इंडियन टैंकर्स

● जारी जंग के बीच ईरानी सरकार ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और ईरान-इस्राइल-अमेरिका जंग के बीच भारत को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता हाथ लगी है। अमेरिका-इजराइल और ईरान में 13 दिन से जारी जंग के बीच भी भारतीय जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकेंगे। ईरान सरकार ने इसकी इजाजत दे दी है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ANI ने सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि रॉयटर्स ने एक ईरानी सोर्स के हवाले से कहा कि इस तरह की कोई छूट नहीं दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक जो जहाज अमेरिका और इजराइल जुड़े नहीं हैं, उन्हें इस रास्ते से गुजरने दिया जाएगा। इसी वजह से फिलहाल भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिया गया है। इससे पहले ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले शिप्स पर हमले की धमकी दी थी। ईरान ने भारतीय झंडे वाले तेल टैंकरों को रणनीतिक रूप से अहम 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है। यह घटनाक्रम भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास आराघची के बीच हुई उच्च-स्तरीय वार्ता के बाद सामने आया है। सूत्रों के अनुसार अमेरिका, यूरोप और इस्राइल से जुड़े कई जहाजों पर अभी भी पाबंदियां बनी हुई हैं, लेकिन भारतीय टैंकरों को राहत मिलने से भारत की ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता कुछ हद तक कम हुई है। इससे पहले लाइबेरिया के झंडे वाला एक तेल टैंकर, जो सऊदी अरब का कच्चा तेल लेकर आ रहा था और जिसकी कमान एक भारतीय कप्तान के हाथ में थी, दो दिन पहले सुरक्षित रूप से होर्मुज से गुजरकर मुंबई बंदरगाह पहुंच चुका है। यह मौजूदा संकट के बीच भारत पहुंचने वाला पहला जहाज माना जा रहा है।

### महाराष्ट्र विधानसभा में बम की धमकी से बजट सत्र के बीच मचा हड़कंप

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान गुरुवार को विधान भवन में बम की धमकी मिली। यह धमकी एक ईमेल के जरिए दी गई थी। इस धमकी भरे संदेश के बाद पूरे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने बताया कि जैसे ही इस खतरे की जानकारी मिली, तुरंत सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एहतियात के तौर पर दक्षिण मुंबई में स्थित इस विधानमंडल परिसर से सभी कर्मचारियों और अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुरक्षा एजेंसियां और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गए हैं। वे पूरी इमारत की तलाशी ले रहे हैं। फिलहाल जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह ईमेल किसने भेजा था।

### टेरर फंडिंग केस में शब्बीर अहमद शाह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को टेरर फंडिंग मामले में जमानत दे दी। उन्हें राष्ट्रीय जा-ंच एजेंसी (एनआईए) ने 4 जून 2019 को गिरफ्तार किया था। अदालत ने लंबे समय से चल रही न्यायिक हिरासत और ट्रायल में सामने आई कुछ अनियमितताओं पर भी गंभीर टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे, ने कहा कि शाह को जमानत दी जा रही है। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा और जमानत कुछ सख्त शर्तों के साथ दी जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने शब्बीर अहमद शाह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस की दलीलें सुनीं।

### बलरामपुर में योगी ने की मां पाटेश्वरी की पूजा, गोसेवा और छात्रों से भी की मुलाकात

**बलरामपुर।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुलसीपुर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में गुरुवार सुबह देवी के चरण पखारे। बुधवार की शाम मंदिर पहुंचे सीएम ने रात विश्राम के बाद गुरुवार सुबह गर्भगृह में मां पाटेश्वरी की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। देवी पूजन के बाद शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित गोशाला में पहुंचे। वहां गायों को गुड़, दाना व चारा खिलाकर गोसेवा की। गोसेवा के दौरान गायों का हालचाल भी पूछा।

### प्रयागराज के ECC में 'बैक पेपर' को लेकर छात्रों का बेमियादी धरना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संघटक यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज (ईसीसी) में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में एक विषय में फेल होने पर बैक पेपर लगाए जाने के विरोध में छात्रों का आंदोलन तेज हो गया है। दर्जनों छात्र-छात्राएं बुधवार से बेमियादी धरने पर बैठे हैं और गुरुवार को भी उनका प्रदर्शन जारी रहा। छात्रों ने रात भर कालेज परिसर में ही धरना जारी रखा और सुबह फिर से नारेबाजी व प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि प्रथम सेमेस्टर में बैक पेपर लगाए जाने संबंधी इलाहाबाद विश्वविद्यालय का कोई स्पष्ट नियम नहीं है। चूंकि ईसीसी विश्वविद्यालय का संघटक महाविद्यालय है, इसलिए उसे भी विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करना चाहिए।

### हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान की शिकायत



**नई दिल्ली।** क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने यह शिकायत की है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में जश्न के दौरान पंड्या पर तिरंगे का सम्मान न करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़कर मैदान पर नाचते और दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## नरेन्दर भी गायब, सिलेंडर भी गायब

### सदन के बाहर विपक्ष ने लगाया नारा



● अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद ओम बिरला की वापसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के सांसदों ने देश में सिलेंडर संकट के मुद्दे पर हंगामा किया। सुबह 11 बजे जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से सदन की कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया, लेकिन विपक्ष नहीं माना तो कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। लोकसभा में विपक्ष द्वारा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव होने के बाद गुरुवार को स्पीकर ओम बिरला दोबारा सदन की अध्यक्षता करने के लिए कुर्सी पर लौटे। उधर, संसद परिसर में विपक्ष के सांसदों ने सिलेंडर संकट पर प्रदर्शन किया। सांसदों ने 'नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब' के नारे लगाए। राहुल गांधी ने कहा- 'प्रधानमंत्री कहते हैं कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन वह खुद घबराए हुए लग रहे हैं, बिल्कुल अलग वजहों से। वे एप्स्टीन अदाणी केस की वजह से पैनिक हैं। आपने कल देखा कि सदन के अंदर प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली थी।

# ईरान में तबाही मचाने का अमेरिका ने किया दावा

## 5000 ठिकानों को ठिकाने लगाया, 50 जहाज मटियामेट, रिहायशी इलाके भी आए जद में



● ईरानी मिसाइल लॉन्चर को ट्रप की सेना ढूंढकर नष्ट करेगी

**तेहरान।** अमेरिका ने ईरान में पांच हजार ठिकानों पर हमला करने और पचास से ज्यादा जहाजों को मटियामेट करने का दावा किया है। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 12वां दिन है। अमेरिकी सेना ने ईरान पर भारी हमले तेज कर दिए हैं। सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के पहले 10 दिनों में ईरान के अंदर करीब 5,000 लक्ष्यों पर हमले करने का दावा किया है। इस दौरान कम से कम 50 ईरानी जहाजों को नुकसान पहुंचाया या तबाह किया गया है। CENTCOM ने एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें एक भूमिगत मिसाइल लॉन्चर पर हमले को दिखाया गया है। पोस्ट में लिखा है, 'ईरानी शासन अपने मिसाइल लॉन्चर छिपाने की कोशिश कर सकता है, लेकिन अमेरिकी सेना उन्हें ढूंढकर खत्म कर देगी।' CENTCOM ने साफ किया कि 5,000 लक्ष्यों में ईरानी सेना के कमांड और कंट्रोल सेंटर, इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस सिस्टम, बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स, नौसेना के जहाज और पनडुब्बियां, एंटी-शिप मिसाइलें, सैन्य संचार व्यवस्था तथा बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन बनाने वाली फैक्टरियां शामिल हैं।

### पश्चिम एशिया तनाव का असर, सेंसेक्स टूटा निफ्टी में गिरावट, रुपया 31 पैसे कमजोर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेज उछाल ने निवेशकों की भावना पर भारी असर डाला, जिसके चलते गुरुवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। कमजोर वैश्विक बाजार रुझानों और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने भी भावनाओं को प्रभावित किया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 992.53 अंक गिरकर 75,871.18 पर आ गया; निफ्टी 310.55 अंक गिरकर 23,556.30 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे गिरकर 92.32 पर आ गया।

### ईरान ने कहा लंबी लड़ाई के लिए तैयार बैठे हैं

● ओमान के बंदरगाह पर किया हमला

● गूगल माइक्रोसॉफ्ट अमेजन जैसी कंपनियों को लिया निशाने पर

**नई दिल्ली।** ईरान ने ओमान के सलालाह बंदरगाह पर तेल भंडारण टैंकों पर बड़ा हमला किया है। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने बुनियादी ढांचे पर हुए इन हमलों की पुष्टि की है। ओमान टीवी और अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने एक साथ कई ड्रोन ओमान के सलालाह बंदरगाह पर दागे। इस हमले के बाद बंदरगाह से काले धुंए का गुबार निकलता नजर आया। ईरान ने भी दावा किया है कि उसने इजराइल के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा हमला शुरू कर दिया है। ईरान ने इजराइल और मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। ईरान अमेरिकी टेक कंपनियों के दफ्तरों और डेटा सेंटर्स को भी निशाना बना सकता है। संभावित टारगेट की सूची में गूगल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, IBM और ओरेकल जैसी कंपनियों के नाम बताए गए हैं।

### ईरान का फारस की खाड़ी में अमेरिकी जहाज पर हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 13वां दिन हैं। ईरान ने बुधवार रात फारस की खाड़ी में 'सेफसी विष्णु' नाम के एक अमेरिकी तेल टैंकर (जहाज) पर हमला किया। इसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी इऊघ के मुताबिक हमले में आत्मघाती नाव (सुसाइड बोट) का इस्तेमाल किया गया। जहाज पर मौजूद बाकी 27 लोग सुरक्षित बचा लिए गए। ये जहाज मार्शल आइलैंड के झंडे के तहत चल रहा था।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 33.3°C
● तापमान न्यूनतम : 21.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.59
वाराणसी, 12 मार्च, गुरुवार, 2026 (3)





# फिर बदलेगा मौसम!

## 16 मार्च से सक्रिय हो सकते हैं बादल, तापमान में भी होगा उतार-चढ़ाव

**● तीन दिनों के बाद आज पहली बार नहीं दिखी धुन्ध**

**वाराणसी।** वाराणसी में मौसम का रुख लगातार उतार चढ़ाव भरा बना हुआ है। माना जा रहा है कि मौसम का रुख एक बार फिर बदलेगा और बादलों की सक्रियता भी होगी। एक बार फिर मौसम का रुख बदलेगा तो तापमान में उतार चढ़ाव का दौर दोबारा शुरू होगा। बीते चौबीस घंटों में न्यूनतम तापमान में कमी आई है और कोहरे का असर भी खत्म हो चला है। मौसम विभाग ने वातावरण का रुख आगामी 16 मार्च से बदलने का अनुमान जाहिर किया है। आज गुरुवार को मौसम का रुख बदला हुआ नजर आया। तीन दिनों के बाद पहली बार धुंध का असर नदारद रहा और सुबह आसमान सात बजे के बाद से ही साफ नजर आने लगा। सुबह नौ बजे से धूप पूरी तरह से निकल आयी। 11 बजे के बाद धूप तल्खी हो गयी। अनुमानों के अनुसार अब 16 मार्च से बादलों की आवाजाही शुरू होगी। वातावरण में नमी का असर फिलहाल कम हुआ है लेकिन नमी की मात्रा कम होने की वजह से बादलों की सक्रियता फिलहाल नहीं है। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 33.7°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 18.8°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक रहा। आर्द्रता इस दौरान अधिकतम 52 प्रतिशत और न्यूनतम 50 प्रतिशत दर्ज की गई। आर्द्रता का रुख बदलने के बाद मौसम का रुख बदलेगा और बादलों की सक्रियता का रुख भी होगा। फिलहाल बादलों की सक्रियता के बीच वातावरण में गर्मी का असर भी बढ़ेगा और आर्द्रता में भी इजाफा होगा। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार अब अगले सप्ताह से मौसम का रुख बदल जाएगा।


प्रतीकात्मक चित्र

## 14 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार वाहनों को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव शुक्ला द्वारा बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि प्रचार-प्रसार वाहन आम जन के बीच आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक करेंगे। जिससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो। इस अवसर पर भूमि अर्जन एवं दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी सत्यानन्द उपाध्याय, अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत आलोक कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव प्रवीण कुमार तथा जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डॉ0 सदानन्द गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबन्धक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अविनाश अग्रवाल एवं समस्त प्रशासनिक विभाग के कर्मचारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का होली मिलन समारोह संपन्न

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का होली मिलन समारोह लोकनिर्माण विभाग के प्रांगण में संपन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ एवं विशिष्ट अतिथि पद्म नाथ त्रिवेदी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ, शशिकान्त श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, शैलेंद्र शुक्ला महामंत्री, विशिष्ट नारायण तिवारी कार्यकारिणी सदस्य, सुरेश यादव महामंत्री,उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ प्रदेश,विजय मिश्रा उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता रामचंद्र गुप्ता जिलाध्यक्ष एवं संचालन उमेश बहादुर सिंह मंडल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ ने किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया एवं गुलाब की पंखुड़ियां से उपस्थित सभी आगंतुक एवं अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं प्रमुख रूप से उपस्थित आगंतुकों के साथ साथ उपस्थित समस्त मिडिया बन्धुओं का अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



## बनारस रिक्शावान महासभा ने कार्यालय के लिए मांगा नया कमरा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम मुख्यालय परिसर, सिगरा में सन 1970 से ही विभाग द्वारा दिए गए बनारस रिक्शावान महासभा एवं संबद्ध कर्मचारी हितों के लिए सकारात्मक संघर्ष कर रहा कर्मचारी संगठन, 'स्थानीय निकाय एवं राज्य कर्मचारी वेलफेयर फोरम' के प्रधान कार्यालय के लिए दूसरी जगह कोई छोटा-मोटा भी कमरा कार्यालय के लिए नहीं दिया गया है और उसके पूर्व प्रधान कार्यालय को तोड़ा जा रहा है। इस पर आपत्ति व्यक्त करते हुए नगर आयुक्त एवं महापौर से दूसरा स्थान देने की पुरजोर मांग की है। बैठक में महासभा एवं कर्मचारी वेलफेयर फोरम के अध्यक्ष राजेश आजाद, नरेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव चिन्मय चटर्जी, गोपाल प्रसाद, रितु साहनी आदि प्रमुख कर्मचारी एवं मजदूर नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

## खत्म हो गयी यूपी बोर्ड की परीक्षा, 18 मार्च से होगा मूल्यांकन

**● केंद्रों पर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध, मोबाइल ले जाने पर रोक**



वाराणसी। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का आज गुरुवार को अंतिम रहा। 18 फरवरी से परीक्षा शुरू हुई थी। आज की परीक्षा में हाईस्कूल की कृषि और इंटरमीडिएट की कंप्यूटर विषय की परीक्षा हुई। इसके लिए वाराणसी समेत सभी जनपदों में 1959 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसी तरह दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की गयी। इसमें वाराणसी समेत सभी जनपदों में 4837 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं हुई। कुल 91243 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसके बाद 15 मार्च से मूल्यांकन केंद्रों पर उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जाएंगी और 18 मार्च से मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए मजबूत कक्षों में भंडारण की व्यवस्था की गई है। केंद्रों पर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक रहेगी। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह की ओर से भी स्पष्ट किया गया है कि मूल्यांकन के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षकों को निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। मूल्यांकन कार्य की दैनिक प्रगति रिपोर्ट भी मुख्यालय को भेजी जाएगी। ताकि यह पता सके कि कितनी कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हुआ और कितना बचा है।

## नगर आयुक्त ने किया MRF सेंटर का निरीक्षण




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा भेलूपुर क्षेत्र के भवनियां पोखरी स्थित M.R.F. (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर एवं वेस्ट टू एनर्जी प्लांट एरिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा M.R.F. सेंटर के वर्तमान स्थल को अपर्याप्त बताते हुए इसके विस्तार एवं बेहतर संचालन के दृष्टिगत इसे वर्तमान स्थान से स्थानांतरित कर शंकुल धारा स्थित ट्रांसफर स्टेशन के समीप उपलब्ध उपयुक्त रिक्त भूमि पर नया M.R.F. सेंटर स्थापित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान सविता यादव, अपर नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जलकल, अगम कटियार, अधिशासी अभियंता (सिविल), जोनल स्वच्छता अधिकारी, सफाई निरीक्षक तथा वाराणसी वेस्ट सॉल्यूशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 57 वार्डो में पेयजल पाइप लाईन परिवर्तन के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा आज जलकल विभाग के सभागार में जलकल के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित महाप्रबन्धक जलकल अनूप सिंह को निर्देशित किया गया कि नगर निगम सीमा के 57 वार्डो में पेयजल पाइप लाईन को बदले जाने का कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किया जाय, पेयजल लाइन को बदले जाने के सम्बन्ध में सभी सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

## दीनदयाल अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पता नहीं एक सोनोलाजिस्ट के भरोसे हो रहा अल्ट्रासाउंड

**● 60 से 80 प्रतिदिन निराश वापस लौट जाते हैं**

**वाराणसी।** वाराणसी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराना आसान नहीं है। यहां एक भी रेडियोलाजिस्ट नहीं है। महज एक सोनोलॉजिस्ट के भरोसे यहां अल्ट्रासाउंड की जांचें हो रही हैं। यही कारण है कि प्रतिदन यहां 60 से 80 मरीज अल्ट्रासाउंड कराए बिना ही लौट जाते हैं। सुबह 10 बजे तक यहां 120 मरीजों का पर्चा बनाकर उन्हें नंबर दिया जाता है। यहां 121वें मरीज को यदि अल्ट्रासाउंड कराना है तो वह संभव नहीं है। जो सोनोलाजिस्ट हैं वह अपनी क्षमता से कहीं ज्यादा अल्ट्रासाउंड करते हैं। काउंटर पर तैनात कर्मचारी कहते हैं कि यदि यहां अल्ट्रासाउंड कराना है तो सुबह आठ बजे अस्पताल पहुंचना होगा।

## गैस सिलेंडर आपूर्ति बंद होने से पैकेजिंग उद्योग ठप

**● सैकड़ों कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर संकट के बादल**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गैस एजेंसियों द्वारा व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बंद किए जाने से वाराणसी का कॉरुगेटेड पैकेजिंग उद्योग गंभीर संकट में आ गया है। शहर में संचालित लगभग 50 कॉरुगेशन पैकेजिंग इकाइयाँ, जो सूक्ष्म एवं लघु उद्योग श्रेणी में आती हैं, गैस की अनुपलब्धता के कारण पूरी तरह बंद होने की स्थिति में पहुंच गई हैं। उत्तर प्रदेश कॉरुगेटेड बॉक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, वाराणसी द्वारा इंडस्ट्रियल एस्टेट चांदपुर में बुलाई गई आपात बैठक में अध्यक्ष राजेश भाटिया ने बताया कि वाराणसी का पैकेजिंग उद्योग केवल स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरा पूर्वांचल तथा बिहार और झारखंड के बड़े हिस्से में विभिन्न उद्योगों को पैकेजिंग बॉक्स की आपूर्ति यहीं से की जाती है। यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो इसका असर केवल पैकेजिंग उद्योग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के औद्योगिक उत्पादन और व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। बैठक में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय लखमानी, कोषाध्यक्ष दिनेश चौरसिया, लोकेश अग्रवाल, प्रिंस वर्मा, मो सादिक, अशोक कुमार सिंह, अभिषेक चौ-रसिया, मनन बडेरा आदि सदस्य उपस्थित थे।




## माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष अलका और मंत्री बनीं लक्ष्मी

**● प्रज्ञा कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनी गयीं शशि**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** माहेश्वरी महिला संगठन की अलका बाहेती अध्यक्ष व लक्ष्मी लड्ढा मंत्री चुनी गयीं। समाज के प्रचार मंत्री गौरव राठी ने बताया कि माहेश्वरी भवन महमूरगंज में निर्वाचन अधिकारी मधु मंत्री एवं पुष्पा धूत की देखरेख में सर्वसम्मति से चुनाव हुआ जिसमें प्रज्ञा बजाज कोषाध्यक्ष, शशि राठी उपाध्यक्ष, संतोष सारडा संगठन मंत्री, भावना लड्ढा उपमंत्री, सुनीता राठी प्रचार मंत्री, राजश्री सोमानी एवं संतोष चांडक सांस्कृतिक मंत्री, प्रेमा लड्ढा और विनीत बजाज को संचार मंत्री चुना गया। इस अवसर पर लोकेंद्र करवा, दीपक माहेश्वरी, लाला चांडक, गौरव राठी ने नई टीम को बधाई दी।

## भाजपा कार्यालय पर आईटी एवं सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय गुलाब बाग पर बुधवार को आईटी और सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। आगामी दिनों में प्रत्येक मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत कार्यशाला होनी है जिसमें आईटी एवं सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी, उसी के निमित्त यह कार्यशाला थी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आईटी प्रकोष्ठ के संयोजक पंकज चतुर्वेदी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## भदोही समाचार

### रोजा इफ्तार से बढ़ता है आपसी सौहार्द



**गोपीगंज।** मुकद्दस रमजान में शुरू हुए दावत-ए-रोजा इफ्तार का सिलसिला जारी है। बुधवार को अमानत पैलेस में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष माबूद खान की ओर से रोजा इफ्तार किया गया। मुल्क और कौम की तरक्की व अमन चैन कायम रखने की दुआ मांगी। वक्ताओं ने कहा कि दावत-ए-इफ्तार में जब लोग एक साथ मिल-बैठकर इफ्तार करते हैं तो आपस में प्रेम की भावना बढ़ती है। कहा कि ऐसे आयोजनों के लिए सभी सुविधा संपन्न लोगों को आगे आना चाहिए। इस दौरान जुटे बड़ी संख्या में रोजेदारों ने इफ्तार किया। इसके बाद नमाज अदा करके मुल्क की तरक्की व अमन चैन कायम रखने की दुआ मांगी गई।

इस मौके पर मौलाना मुख्तार, हाजी मोहम्मद हलीम, दिनेश कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार दुबे राजन, विभूति नारायण सिंह, सुरेश उपाध्याय, काशीनाथ, राजेंद्र पुष्पकार हाजी मोहम्मद रईस, हाजी मोहसिन, हाजी मुमताज, सतीश चंद गुप्ता, श्रीकांत जायसवाल, बबलू खान, मोहम्मद आलम आदि रहे।

## सोनभद्र समाचार

### इकलौते भाई का मफलर के सहारे लटकता मिला शव

**विंढमगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जोरूखाड़ गांव में मंगलवार की रात कमलेश कुमार भारती (21) का शव मफलर के सहारे घर में बड़ेर से लटकता मिला। कमलेश छह बहनों में इकलौता भाई था। जोरूखाड़ गांव के राजाराम की सात संतानों में कमलेश कुमार इकलौता पुत्र था। राजराम के मुताबिक मंगलवार की रात में कमलेश ने सबके साथ भोजन किया और फिर अपने कमरे में सोने चला गया। बुधवार की सुबह जब घर के लोग दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया। खिड़की से झांका तो तो कमलेश बड़ेर से मफलर के सहारे लटका दिखा। घरवाले दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुत्र की मौत से मां-बाप व बहनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। विंढमगंज थाना प्रभारी शिवकुमार सिंह का कहना है कि आत्महत्या का मामला लग रहा है।

## जौनपुर समाचार

### एजेंसी के चक्कर काट रहे लोग, 13 सौ रुपये में ब्लैक हो रहा सिलिंडर



**जौनपुर।** जनपद में रसोई गैस की भारी किल्लत के चलते आम लोग परेशान होने लगे हैं। घरेलू और व्यावसायिक सिलिंडरों की कमी के कारण लोग गैस एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कई क्षेत्रों में लोग डर के मारे अतिरिक्त सिलिंडर भरवाने में जुट गए हैं। वहीं आपूर्ति बाधित होने का फायदा उठाकर कुछ जगहों पर 1300 रुपये में सिलिंडर ब्लैक किए जा रहे हैं। जिले में कुल 93 गैस एजेंसियां हैं, जिनसे उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के लगभग आठ लाख उपभोक्ता जुड़े हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किल्लत की खबरें आ रही हैं। मछलीशहर व मुफ्तीगंज में पिछले चार दिनों से गैस की किल्लत है। लोग मजबूरी में ब्लैक में सिलिंडर खरीद रहे हैं। बदलापुर के मुरादपुर कोटिला स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम एजेंसी पर एक सप्ताह से स्टॉक खत्म है। जलालपुर व मड़ियाहूं में क्रमशवः प्रसाद गैस एजेंसी और कैलाश इंडेन गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से गाड़ियां लोड न होने के कारण आपूर्ति ठप है। उपभोक्ता महेंद्र प्रसाद जैसे कई लोग पांच-पांच दिनों से भटक रहे हैं। एचपीसीएल कंपनी उपभोक्ताओं के मोबाइल पर मेसेज भेजकर रसोई गैस सिलिंडर की कमी न होने का दावा कर रही है।

## बलिया समाचार

### ई-रिक्शा बैटरी चोरी होने से नाराज होकर ईंट से कूंचकर की थी रितेश की हत्या

**बलिया/हल्दी।** हल्दी थाने की पुलिस ने मंगलवार की रात में किशोर रितेश यादव हत्याकांड के आरोपी मनोज यादव को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस बरामद किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मेरे ई-रिक्शा की बैटरी चोरी हो गई थी। इसी को लेकर बबुआपुर गांव से अपने घर से निकलने के बाद रितेश यादव (15) मुझसे मिला। मैंने उससे बैटरी चोरी होने के बारे में पूछताछ की। इसी दौरान कहासुनी के दौरान ईंट से हमला करने के कारण रितेश की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक कृपाशंकर ने बताया कि मंगलवार की रात करीब एक बजे हल्दी थानाध्यक्ष राजू राय पुलिस टीम के साथ रात में मुडाडीह से सोनवानी जाने वाले रोड पर गश्त कर रहे थे।

## देवरिया समाचार

### बीमारी से परेशान युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर दी जान



**सलेमपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने बीमारी से परेशान होकर नदी किनारे पेड़ से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार को नदावर पुल के बगल में स्थित एक पेड़ से उसका शव लटका देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सलेमपुर के वार्ड नंबर पांच हरैया लाला वार्डनिवासी झबर राजभर (35) पुत्र राजकुमार राजभर मंगलवार की दोपहर घर से निकले थे। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह नदी किनारे भैंस चरा रहे चारवाहों ने नदावर पुल के पास एक पेड़ से युवक को फंदे से लटका देखा। इसकी सूचना आसपास के लोगों और परिवार के सदस्यों को दी गई। परिजनों के मुताबिक झबर राजभर पिछले करीब दो वर्षों से लीवर की बीमारी से पीड़ित थे और उनका इलाज चल रहा था। बीमारी के कारण पिछले डेढ़ महीने से वह काफी परेशान रहते थे और रात में ठीक से सो भी नहीं पाते थे। वह चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनके तीन बेटे अमन, करन, अर्जुन और एक बेटी काजल है। घटना की सूचना मिलते ही पत्नी जानकी देवी सहित परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के निर्वाचक नामावलियो के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक सम्पन्न



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के निर्वाचक नामावलियो के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी नेजनप्रतिनिधिगणो को जानक. ारी देते हुए बताया कि जनपद मीरजापुर में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के दौरान दावा एवं आपत्ति अवधि (6 जनवरी से 6 मार्च, 2026 तक) में नागरिकों से दावे व आपत्तियों और इसी अवधि में गणना चरण में मिलान न कराने वाले मतदाताओं तथा मिलान में तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को नोटिस एवं सुनवाई चरण (6 जनवरी से 27 मार्च, 2026 तक) में जारी किये गये नोटिस एवं पूर्ण की गई सुनवाई से सम्बन्धित महत्वपूर्ण आंकड़े यथा– 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल मतदाता–1567539 पुरूष मतदाताओं की संख्या–855675 महिला मतदाताओं की संख्या–711825 तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या–39, नोटिसों की सुनवाई में कुल नोटिसों की संख्या–324498 जनरेटेड नोटिसों की संख्या–324494, नोटिस वितरण की संख्या– 323236 (99.61 प्रतिशत), 11 मार्च, 2026 तक सुनवाई–319021 (98.31 प्रतिशत) होगी। उन्होंने समस्त ई.आर.ओ./ए.ई.आर.ओ. को यह निर्देशित किया कि वह सुनवाई हेतु आने वाले मतदाताओं को अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों को यथासम्भव सहायता प्रदान की जाए जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुनवाई स्थल पर मतदाताओं को कम से कम समय व्यतीत करना पड़े। मतदाताओं को सुनवाई हेतु यह निर्देश जारी किये गये है।

## आजमगढ़ समाचार

### दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत, पांच घायल

**सरायमीर।** बस्ती नगर के पास मंगलवार शाम सात बजे दो बाइक की टक्कर में छह लोग घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुंदर (24) की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का उपचार चल रहा है। मौत की खबर से परिवार में मातम है। फत्तनपुर गांव निवासी महेंद्र ने बताया कि पुत्र सुंदर (24), अरविंद (26) और करण (20) बाइक से घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर सैफ (24), करीम (22) और एक पांच वर्षीय बच्चा निवासी सैदपुर थाना फूलपुर सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी लोग गिरकर घायल हो गए। घटना में सुंदर और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सुंदर की हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## गाजीपुर समाचार

### दिलदारनगर में सड़क हादसे में छात्र की मौत:दोस्त गंभीर घायल

**गाजीपुर।** दिलदारनगर में बुधवार रात एक सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र रवि यादव की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसका दोस्त जितेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे वाराणसी रेफर किया गया है। रवि दिलदारनगर कस्बा के वार्ड नंबर 2 का निवासी था।

जानकारी के अनुसार, रवि यादव अपने मित्र जितेंद्र यादव (शाहपुर निवासी) के साथ फूली क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहा था। रात करीब आठ बजे भक्सी और कंचनपुर के बीच पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने रवि की जेब से मोबाइल निकालकर उसके परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। रवि के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घायल जितेंद्र यादव को पुलिस ने तत्काल वाराणसी इलाज के लिए भेजा। उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

मृतक रवि यादव अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और कक्षा 9 का छात्र था। इस दुखद घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है और घर पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### मरदह से 100 छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**गाजीपुर।** शिक्षा क्षेत्र मरदह से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 100 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इन छात्रों को राष्ट्रीय बीज अनुसंधान केंद्र, कुशमौर, मऊ भेजा गया। खंड शिक्षा अधिकारी दीनानाथ साहनी और शिक्षक प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दो बसों को हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। विशेष टी-शर्ट और टोपी पहने छात्रों का समूह उत्साह से भरा था। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि अनुसंधान, बीज उत्पादन, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों से परिचित कराना है। छात्र वहाँ वैज्ञानिकों से बातचीत कर बीज संरक्षण, उन्नत फसल विकास और अनुसंधान प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी दीनानाथ साहनी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का लक्ष्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिलता है, जो उनके भविष्य के लिए सहायक होगा। यह पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## चंदौली समाचार

### पेट्रोल-डीजल व गैस की जमाखोरी की तो कार्रवाई

**चंदौली।** जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग ने जिले में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की जमाखोरी तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि ईंधन की कृत्रिम किल्लत पैदा करने या जमाखोरी की शिकायत मिलने पर संबंधित पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों को ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में पंप या एजेंसी पर 'जीरो स्टॉक' का बोर्ड नहीं लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कृत्रिम अभाव पैदा करने या जमाखोरी की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित संचालक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गोरखपुर समाचार

### सिलिंडर की कालाबाजारी: किल्लत के बीच 1500 रुपये का बेच रहे थे गैस सिलिंडर दो एजेंसियां सीज



**गोरखपुर।** खाड़ी देशों में युद्ध के कारण जिले में गैस सिलिंडर की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। इसको लेकर सिलिंडर की कालाबाजारी शुरू हो गई है। बुधवार को कालाबाजारी पर दो गैस एजेंसी सील किया गया।

यह गैस एजेंसियां ब्लैक में सिलिंडर बेच रही थी। इनके यहां आपूर्ति विभाग ने छापा मार कर स्टॉक में अंतर पाए जाने पर सील कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात पीपीगंज में स्थित आशीष गैस एजेंसी की एक गाड़ी से नौसड़ में घरेलू गैस की कालाबाजारी करते हुए महंगे दाम में सिलिंडर ब्लैक 1500 रुपये में बेच रहा था। सूचना पर आपूर्ति विभाग की ओर से जांच की गई जहां सिलिंडर की गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया।

इसके बाद बुधवार को पीपीगंज स्थित आशीष गैस एजेंसी पर जाकर मौके पर स्टॉक चेक किया गया जिसमें अंतर पाया गया और एजेंसी को सील कर दिया गया। वहीं नौसड़ में कन्हैया गैस एजेंसी की लापरवाही भी सामने आई। एजेंसी वालों ने गोदाम से सिलिंडर की डिलिवरी न करके अलग स्थान से उपभोक्ताओं को बुलाकर गैस दे रहा था।

## मऊ समाचार

### रोज सुबह 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन में बैठें अधिकारी: मंडलायुक्त

**मऊ।** मंडलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में बुधवार को सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को सुबह 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन में लोगों की शिकायतों को सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि जनता दर्शन के दौरान यदि कोई शिकायतकर्ता आपसे ऊंची आवाज में बात करता है तो आप धैर्य पूर्वक उसकी बातों को सुने एवं उसके साथ अच्छा व्यवहार करें।

बैठक के बाद कलेक्ट्रेट में स्थित कई कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनसे संबंधित फाइलों का रख रखाव ठीक रखने के निर्देश दिए।

## सुल्तानपुर समाचार

### गैस एजेंसियों पर सिलिंडर के लिए लंबी कतार, डेढ़ गुना बढ़ी डिमांड



**सुल्तानपुर।** एलपीजी सिलिंडरों की मांग पर जिले में मंगलवार को गैस एजेंसियों पर अचानक डेढ़ गुना तक बढ़ गई है। स्थिति यह है कि कई गैस एजेंसियों पर स्टॉक कम पड़ने लगा है। मंगलवार को कुछ गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रही।

एजेंसी संचालकों के अनुसार सामान्य दिनों में जिले में प्रतिदिन लगभग 12,600 घरेलू गैस सिलिंडरों की मांग रहती है। इन दिनों यह बढ़कर करीब 19,000 तक पहुंच गई है। अचानक बढ़ी मांग से कालाबाजारी की आशंका बढ़ गई है, कहीं-कहीं व्यावसायिक सिलिंडरों के दाम ज्यादा वसूलने की जानकारी आ रही है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

जिले में विभिन्न पेट्रोलियम कंपनियों की कुल 42 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनसे चार लाख से अधिक एलपीजी कनेक्शन धारकों और करीब 2.30 लाख उज्ज्वला योजना के लाभाथिर्यों को गैस उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा लगभग एक हजार व्यावसायिक कनेक्शन भी हैं। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने बताया कि दो दिनों तक कुछ स्थानों पर गैस की किल्लत की स्थिति देखने को मिली थी, लेकिन यह मुख्य रूप से अफवाहों के कारण हुई। आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और एजेंसियों को पर्याप्त सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंगलवार को शहर की एक गैस एजेंसी पर पहुंचे उपभोक्ता श्री नारायण उपाध्याय ने बताया कि सोशल मीडिया पर गैस की कमी की खबर सुनकर वे चिंतित हो गए थे, लेकिन एजेंसी पहुंचने पर उन्हें आसानी से सिलिंडर मिल गया। उपभोक्ता शिवानी अग्रहरि और पूजा गुप्ता ने भी बताया कि एजेंसी पर भीड़ होने के बावजूद उन्हें बिना परेशानी गैस मिल गई। जिलापूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने बताया कि सभी गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रत्येक एजेंसी से प्रतिदिन लगभग 200 से 300 सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है।

## प्रयागराज समाचार

### मां ने ही कर दी अपने चार माह के बेटे की हत्या



**प्रयागराज।** गंगापार इलाके के सरायममरेज थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि एक मां ने चार माह के बेटे ईश्वर की हत्या कर दी है। घटना पिलखिनी गांव की बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पिलखिनी गांव निवासी संतोष यादव खेती बारी और मजदूरी करता है। उसकी शादी अनुराधा यादव से हुई है। दोनों को चार माह का एक बच्चा ईश्वर है। बताया जाता है पति-पत्नी में आए दिन खाना बनाने और अन्य बातों को लेकर विवाद होता रहता है। पिछले तीन चार दिनों से लगातार दोनों में झगड़ा चल रहा था। पुलिस के अनुसार पति से झगड़े के बाद अनुराधा ने अपने बेटे ईश्वर (4 माह) की घर में ही सिर पर ईंट से मारकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को रसोई घर में रखे लकड़ी के ढेर में छिपा दिया। इसके बाद अपने काम में जुट गई। काफी देर तक बच्चे को न देखकर पति और परिवार के अन्य लोग परेशान थे। पूछने पर अनुराधा कुछ बता भी नहीं रही थी। परेशान परिजनों ने जब काफी दबाव डाला तो बुधवार रात्रि करीब 10 बजे महिला ने बेटे की हत्या की बात बताई।

## लाइफ मंत्र

### जीवन में रुकावटें खत्म करने के लिए अपनाएं पान के पत्तों का ये चमत्कारी उपाय



वास्तु शास्त्र और ज्योतिष में कई ऐसी साधारण चीजें हैं जिन्हें हम अपने दैनिक जीवन में देखते तो हैं, लेकिन उनके चमत्कारिक गुणों से अनजान होते हैं। इन्हीं में से एक है पान का पत्ता। भारतीय संस्कृति में पान के पत्ते का उपयोग केवल मुख शुद्धि के लिए नहीं, बल्कि देवी-देवताओं को प्रसन्न करने और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए भी किया जाता है। यदि आपके जीवन में लगातार बाधाएं आ रही हैं, बनते काम बिगड़ रहे हैं, या घर में अशांति है, तो पान के पत्ते के ये वास्तु उपाय आपके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

**पान का आध्यात्मिक और वास्तु महत्व**

हिंदू धर्म में पान के पत्ते को शुभता का प्रतीक माना गया है। पूजा-पाठ, विवाह और शुभ अनुष्ठानों में पान का पत्ता अनिवार्य है। ऐसा माना जाता है कि पान के पत्ते में समस्त देवी-देवताओं का वास होता है। इसलिए, इसका प्रयोग तंत्र-मंत्र और वास्तु दोषों को मिटाने में भी किया जाता है। आइए जानते हैं कि पान के पत्तों का उपयोग करके आप अपने जीवन की रुकावटों को कैसे दूर कर सकते हैं।

**आर्थिक तंगी और दरिद्रता दूर करने के लिए**

यदि आप आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और मेहनत के बाद भी पैसा टिक नहीं रहा है, तो मंगलवार या शनिवार के दिन एक साबुत और साफ पान का पत्ता लें। इस पत्ते पर सिंदूर से 'श्रीं' या 'राम' लिखें। अब इस पत्ते को हनुमान जी के मंदिर में जाकर उनके चरणों में अर्पित कर दें। यह उपाय लगातार 5 मंगलवार या शनिवार तक करने से आर्थिक मार्ग खुलने लगते हैं और धन से जुड़ी रुकावटें दूर हो जाती हैं।

**बनते कामों में आ रही बाधा को रोकने के लिए**

अक्सर ऐसा होता है कि हम महत्वपूर्ण काम के लिए निकलते हैं और ऐन मौके पर काम रुक जाता है। ऐसी स्थिति में घर से निकलते समय अपने पास एक साबुत पान का पत्ता रखें। संभव हो तो इस पत्ते पर थोड़ी सी मिश्री या एक इलायची रखकर उसे अपने दाहिने हाथ में लेकर इष्ट देव का स्मरण करें। इसके बाद इसे अपने पर्स या जेब में रखकर घर से बाहर निकलें। यह नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेता है और काम में सफलता की संभावना को बढ़ा देता है।

**नजर दोष और नकारात्मकता से बचाव**

घर में यदि कलह बढ़ गई है या परिवार के किसी सदस्य को बुरी नजर लग गई है, तो एक पान के पत्ते पर गुलाब की कुछ पंखुड़ियां रखें। अब इसे अपने सिर के ऊपर से सात बार घुमाएं और किसी सुनसान जगह पर रख दें या बहते जल में प्रवाहित कर दें। यह उपाय घर से नकारात्मकता को दूर करता है और आपसी प्रेम बढ़ाता है।

**राहु-केतु के दोष को शांत करने के लिए**

ज्योतिष में राहु और केतु को बाधाओं का कारक माना गया है। यदि आपकी कुंडली में ये ग्रह भारी हैं, तो पान का पत्ता एक अचूक उपाय है। बुधवार के दिन पान के पत्ते पर थोड़ा सा शहद लगाकर दुर्गा मां के चरणों में अर्पित करें। यह उपाय न केवल राहु के दुष्प्रभाव को कम करता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता भी प्रदान करता है।

**करियर और नौकरी की रुकावटें**

यदि आपको नौकरी पाने में या प्रमोशन मिलने में लगातार अड़चनें आ रही हैं, तो रविवार के दिन एक पान का पत्ता अपने तकिए के नीचे रखकर सोएं। अगले दिन सुबह उठकर उस पत्ते को किसी गाय को खिला दें। यह प्रक्रिया कुछ हफ्तों तक दोहराने से करियर से जुड़ी बाधाएं धीरे-धीरे समाप्त होने लगती हैं।

**पूजा-अर्चना में पान का विशेष महत्व**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, भगवान गणेश को पान का पत्ता अत्यंत प्रिय है। यदि आप बुधवार के दिन भगवान गणेश को पान के पत्ते पर सुपारी और लौंग रखकर अर्पित करते हैं, तो आपके घर के वास्तु दोषों का शमन होता है। यह घर के मुख्य द्वार पर लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ जाता है।

**सावधानियां**

**पत्ता कटा-फटा न हो:** उपाय के लिए हमेशा साबुत, हरा और ताजा पत्ता ही लें। कटा हुआ या सूखा पत्ता अशुभ माना जाता है।


**स्वच्छता:** जिस स्थान पर आप पान का पत्ता रखें या अर्पित करें, वहां सफाई का विशेष ध्यान रखें।

**श्रद्धा:** कोई भी वास्तु उपाय बिना श्रद्धा और विश्वास के सफल नहीं होता।

# मिनिमलिज्म



अरे यार, कुदरत से प्रेरित होकर इंसान ने ही इतने खूबसूरत रंग बनाए हैं। उन्हें कब पहनेंगे। कलाकारों, डिज़ाइनर्स और तकनीक ने आकर्षक कपड़े सजाए हैं। महिलाओं के लिए तो छोटे से छोटे, मंहगे से महंगे वस्त्र बनाए हैं उनका मज़ा कब लेंगे। अगला जन्म तो सिर्फ ख्याल है, असली ज़िंदगी तो सिर्फ एक बार ही मिलनी है। यह शब्द बोलने में अजीब सा है जिसका अर्थ है सादा जीवन व्यतीत करना, केवल ज़रूरी चीज़ों के साथ जीना, गैर ज़रूरी चीज़ों का दबाव हटाना। कम चीज़ों से ज्यादा खुशी मिलती है, ज़िंदगी को अर्थ देती हैं, तनाव कम होता है, ध्यान केन्द्रित रहता है। यह बात आज के विकसित, सुविधावादी युग में सार्थक नहीं लगती। आजकल ऐसा करना तो क्या सोचना भी मुश्किल है। यह तो प्रवचन ही लगता है। अब तो सपने भी ऑनलाइन शापिंग के आते हैं, नए नए स्वाद लुभाते हैं। कहते हैं ज़्यादा चीज़ें अव्यवस्था पैदा करती हैं। चीजों को अनुशासन में रखो, साफ़ सुथरी रखो।उनका नियमित प्रयोग करो। उनका बीमा करवाकर रखो। उनकी देखरेख की ज़िम्मेदारी आपस में बांट कर रखो तो कोई परेशानी नहीं होती। बेचारा बाज़ार दिन रात मेहनत करता है, मार्केटिंग के नए नए तरीके लाता है, नए महंगे चेहरों के साथ विज्ञापन बनवाता है। खूबसूरत मॉडल्स सामान ही सामान खरीदने के लिए उत्प्रेरित करते हैं। यह सब एक बार मिली ज़िंदगी में चीज़ें कम करने के लिए तो नहीं है। फिर प्रेरणा, लालच, ईर्ष्या, द्वेष और प्रतियोगिता का क्या करें। सफल और धन दौलत वालों की मिसाल देकर समझाया जाता है उन्हें देखो कितने कम सामान या कपड़ों में जीवन बिताते हैं यानी एक ही रंग की सात टी शर्ट्स खरीद लो। अरे यार, कुदरत से प्रेरित होकर इंसान ने ही इतने खूबसूरत रंग बनाए हैं। उन्हें कब पहनेंगे। कलाकारों, डिज़ाइनर्स और तकनीक ने आकर्षक कपड़े सजाए हैं। महिलाओं के लिए तो छोटे से छोटे,मंहगे से महंगे वस्त्र बनाए हैं उनका मज़ा कब लेंगे। अगला जन्म तो सिर्फ ख्याल है, असली ज़िंदगी तो सिर्फ एक बार ही मिलनी है। मान लो, अगला जन्म मिला, योनी बदली, गधे बने तो। वस्तुएं कम करने वाले कहते हैं कि इनसे प्राप्त होने वाली खुशी अस्थायी है। अनुभव, लम्बी व स्थाई खुशी देते हैं। शायद इन लोगों को पता नहीं कि जीवन में खुशियां कम हैं और दुःख ज़्यादा। मकान, कार, सोना हासिल करने का अनुभव किस अनुभव से कम है। चौरासी किलोमीटर जाकर स्वादिष्ट खाने का अनुभव ही बरसों नहीं भूलता। कम उपभोग करने वाली जीवन शैली के वकील कहते हैं कि कम चीज़ों वाले ज्यादा शांति और संतुष्टि महसूस करते हैं। घर साफ़ सुथरा शांत दिखता होता है। पूरा ध्यान आपसी रिश्तों पर जाता है। व्यक्ति भावनात्मक ऊर्जा प्राप्त करता है। लेकिन ज़्यादा चीज़ों से घर भरा भरा लगता है, सकारात्मकता आती है कि मैं इतनी चीज़ों का स्वामी हूं। ज्यादा साफ़ सफाई भी तो एक तरह का संक्रमण फैलाती है। घर से बाहर का वातावरण और पर्यावरण तो कूड़ा कचरा पूर्ण ही है न। उन लोगों को क्यूं नहीं समझाया जाता जो नए नए आविष्कार करते रहते हैं। पिछले दिनों मेरी पत्नी सेब काटने की मशीन मंगाने की इच्छा जता रही थी, जिसे मैंने सामान कम करने की शुरुआत मानकर नहीं मंगाया। उनसे वायदा किया कि सेब भी मैं ही काट दिया करूंगा लेकिन बाज़ार में किन्नू और संतरों की भरमार होते ही नया जूसर खरीदना पड़ा क्यूंकि पुराना खराब था। जूसर में रस फलों का निकला, तेल मेरी जेब का और असली चीज़ जो सेहत के लिए लाभदायक होती है यानी फाइबर, कचरा पेटी में गया। शिक्षा यह मिली कि खूब चीज़ों का मैक्सिमम मज़ा लो।



# ऐसा और वैसा होना चाहिए (व्यंग्य)

**एक बार किसी भी तरह की मेहनत कर प्रसिद्ध हो जाओ और दौलत भी कमा लो तो, समाज तो क्या असमाज में भी पूछ होने लगती है। कई तरह के पत्रकार, वीडियो पकाने और बनाने वाले आपके घने मित्र बने रहते हैं। प्रसिद्धि और दौलत के नए मालिकों के बारे में दूसरों को बताकर खुद भी कुछ न कुछ कमाने का जुगाड़ करते रहते हैं।**

प्रसिद्ध होना सबके लिए आसान नहीं है लेकिन आजकल अनगिनत लोग इसी कोशिश में लगे रहते हैं कि कुछ न कुछ ऐसा कर सकें या उनकी ज़िंदगी में कुछ इतना बढ़िया हो जाए कि मशहूर हो जाएं। चाहे समाज में व्यावहारिक स्तर पर न सही लेकिन सोशल मीडिया पर ही ज्यादा से ज़्यादा लाइक्स मिल जाएं और प्रसिद्ध हो जाएं। प्रसिद्धि के बहाने कम या ज़्यादा पैसा भी कमा लिया जाए तो सोने पर सुहागा लेकिन इस चक्कर में कई बार, ऐसा ही नहीं वैसा भी कर बैठते हैं। एक बार किसी भी तरह की मेहनत कर प्रसिद्ध हो जाओ और दौलत भी कमा लो तो, समाज तो क्या असमाज में भी पूछ होने लगती है। कई तरह के पत्रकार, वीडियो पकाने और बनाने वाले आपके घने मित्र बने रहते हैं। प्रसिद्धि और दौलत के नए मालिकों के बारे में दूसरों को बताकर खुद भी कुछ न कुछ कमाने का जुगाड़ करते रहते हैं। एक बार मिली ज़िंदगी में, पैसे के रास्ते पर चलकर आराम और सुविधाएं आ जाएं तो पहनावे और बालों का रंग तो करवट बदलता ही है बात करने के विषय भी बदल जाते हैं।. जबान का लहज़ा बदल जाता है। नई शैली में असंभव बातें करना भी संभव हो जाता है। चारों तरफ, आठों पहर उपदेशों के फूल खिले रहते हैं। प्रसिद्ध चेहरे क्या-क्या कहते और कह सकते हैं यह देखने, सुनने और और पढ़ने से पता चलता है। जिस व्यक्ति ने कभी एक पौधा न लगाया वे कहते हैं, हमेशा पर्यावरण का सम्मान करें। हमारे सभ्य और विकासशील समाज के जेन जी को गलत आदतों और भेदभाव से दूर रहना चाहिए क्यूंकि देश का भविष्य जीडीपी की ग्रोथ और समृद्धि उन पर टिकी है। डरपोक और सुस्त लेकिन अब प्रसिद्ध हुआ चेहरा जिसने कभी फुटबाल में एक किक नहीं लगाई, फ़रमाएगा कि हमें खेलों में और बेहतर करना चाहिए। खेल का स्तर उठाना चाहिए। वे सुझाव देंगे कि हमें सुरक्षा क्षेत्र में अविजित बनने के अतिरिक्त, सॉफ्ट सुपर पॉवर भी बनना चाहिए। लगे हाथ वे सामाजिक और नैतिक उपदेश भी उपहार में देंगे।

किसी समय मारधाड़ विशेषज्ञ, मोहल्ले के दादा, अब राजनीति में धाक जमाती प्रसिद्ध ज़बान बोलेगी, आशा है हम नदियों की उपयोगिता समझेंगे। हमारे देश की सभी नदियां और हवाएं शुद्ध रहनी चाहिए। इसके लिए हमें हाथ मिलाकर काम करना चाहिए। देश और दुनिया में शांति, सहिष्णुता और इंसानियत को प्राथमिकता मिले इसलिए हम सब बेहतर इंसान बनने की कोशिश करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। शारीरिक रूप से कमज़ोर व्यक्ति भी नाम कमा सकता है। ऐसे ही प्रसिद्ध हुए कमज़ोर से व्यक्ति ने कहा, सेहत ही असली दौलत है। हम सभी को तनाव से दूर रहना चाहिए फिट रहने के लिए जिम में घंटो पसीना बहाना ज़रूरी नहीं, माइंड सेट ताक़तवर होना चाहिए। प्रसिद्ध वनकाटू जो भविष्य में सफल राजनीतिज्ञ हो गए, ने सख्ती से कहा, पर्यावरण के लिए सचमुच गंभीर होने की ज़रूरत है। इसे संभालने कोई और नहीं आएगा। स्वच्छ हवा पानी की सभी को ज़रूरत है। खुद पर भरोसा करना ज़रूरी है ताकि प्रदूषण न झेलना पड़े। अपनी बात में उन्होंने यह भी जोड़ दिया कि हमारे विकसित समाज में महिला अपराधों को लेकर जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। सभी ने समझाया कि ऐसा या वैसा होना चाहिए।

# गड्ढों की मरम्मत



यदि गड्ढा तीन या पांच इंच से ज़्यादा गहरा है तो भरने के बाद मशीन से दबाया जाएगा । पैच का स्तर सड़क से तीन एमएम ऊंचा रखा जाएगा ताकि वहां पानी, धूल और मिटटी प्रवेश न कर सके। अब खड्डे की मरम्मत से पहले, मरम्मत के दौरान और मरम्मत के बाद, सम्बंधित अधिकारी के साथ रंगीन फोटो ली जाएगी।

बरसात की पारम्परिक गलती के कारण सड़क पर नए गड्ढे बन गए थे, पुराने गड्ढे बड़े और जिन गड्ढों में रोड़े और मिटटी भरी थी निकल गई।

गड्ढों की लम्बाई, चौड़ाई व गहराई बढ़ती ही गई। कई गड्ढे अब खड्डों की तरह दिखते थे। इतने गड्ढे हो गए, लगता सड़क के साथ भीषण दुर्घटना हुई जिससे बेचारी के शरीर पर दर्जनों जख्म हो गए हों। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को अब तक मुसीबतें झेलनी पड़ रही हैं। अनहोनी घटना कभी भी घट सकती है।

कई जागरूक लोगों ने म्यूनिसिपल कमेटी में फोन किया, पार्षद, सचिव, प्रधान को कहा, पीडब्ल्यूडी के जेई से निवेदन किया लेकिन गड्ढों को ठीक करने के लिए संबंधित विभाग कोई माकूल कदम नहीं उठा पाया। गड्ढों के सुप्त मामले में शासन और प्रशासन के तभी जागने की परम्परा है, जब बड़ी कुर्सी पर बैठने वाला और ऊंची गाडी में सफ़र करने वाले महान व्यक्ति को जानदार गड्ढा बुरी तरह से हिला दे। इस सुघटना के बहाने उन्हें पैदल चलने वाले या आम यात्रियों की परेशानियां भी याद आ जाती हैं। फिर गड्ढों की मरम्मत का आकलन सोच विचार, समझकर बनाया जाता है।

नेता, अफसर व ठेकेदार को इसके लाभ पता होते हैं। बरसात से पहले ही सड़क की मरम्मत करवाकर भुगतान करने की स्थापित सांस्कृतिक आर्थिक परम्परा भी है।

इस बार की महत्वपूर्ण बैठक में सड़कों की गुणवत्ता सुधारने और पैच वर्क को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए, सख्त नियमावली का प्रारूप बनाया गया जो राष्ट्रीय मानकों पर आधारित रहा। ऐसा लगा अब एक भी गड्ढा बिना उच्च कोटि की मरम्मत किए बिना नहीं छोड़ा जाएगा। मरम्मत वाले क्षेत्र को वर्गाकार या आयताकार आकार में काटना ज़रूरी होगा, जिसमें सभी किनारे नब्बे डिग्री पर होने चाहिएं। गड्ढे में से धूल हटाने के लिए बढ़िया एयर ब्लोअर का प्रयोग करना होगा। गड्ढे के तल और दीवारों पर बिटुमेन इमल्शन की पतली परत लगाना ज़रूरी है ताकि नई सामग्री मजबूती से चिपक सके।

यदि गड्ढा तीन या पांच इंच से ज़्यादा गहरा है तो भरने के बाद मशीन से दबाया जाएगा। पैच का स्तर सड़क से तीन एमएम ऊंचा रखा जाएगा ताकि वहां पानी, धूल और मिटटी प्रवेश न कर सके। अब खड्डे की मरम्मत से पहले, मरम्मत के दौरान और मरम्मत के बाद, सम्बंधित अधिकारी के साथ रंगीन फोटो ली जाएगी।

इस तरह गड्ढों का नाम मरम्मत के इतिहास में सचित्र दर्ज हो जाएगा। दो वर्ष के भीतर अगर उसी स्थान पर दोबारा गड्ढा हुआ तो मरम्मत को विफल माना जाएगा। फिर समझदार लोगों की कमेटी बिठाकर, कारणों की गहन जांच की जाएगी, जिसके तहत जवाबदेही भी तय की जा सकती है।

इस नई योजना बनाए जाने के सुअवसर पर पत्रकारों को मौक़ा पर ही चाय पान और समोसा खाने के लिए बुलाया गया। सूचित किया गया कि अब गड्ढों की किस्मत बदलने वाली है। सामने दिख रहे गड्ढे खुश दिख रहे थे। उन्हें पता था मरम्मत जल्दी हो न हो लेकिन आने वाले दिनों में अखबारों में उनकी फोटो छपेगी, सोशल मीडिया पर रीलें घूमेंगी और उन्हें भी कमेंट्स मिलेंगे। यह कमाल की व्यवस्था की जा रही है। वास्तव में उच्च कोटि का प्रशासनिक इंतजाम किया जा रहा है। वहां से गुज़र रहे इंसान सोचेंगे ज़रूर, कि हम से बेहतर मरम्मत तो गड्ढों की होने जा रही है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682